
हरिभूमि
# विंध्य भूमि
5
जबलपुर, शुक्रवार 23 जनवरी 2026
login : www.haribhoomi.com
सतना | छतरपुर | रीवा | सिंगरौली | पन्ना

# बेटे का कटा चालान, खबर सुनते ही शिक्षक पिता को आया हार्ट अटैक; मौके पर ही मौत

**सतना। अनुशासन और मर्यादा का पाठ पढ़ाने वाले एक शिक्षक के लिए बेटे की गलती की खबर जानलेवा साबित हुई। जिले में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है,जहाँ छोटे बेटे का 'ड्रंक एंड ड्राइव' (शराब पीकर गाड़ी चलाना) में चालान कटने की जानकारी मिलते ही एक शिक्षक को दिल का दौरा पड़ गया और उनकी मृत्यु हो गई।**

### घटना का मुख्य विवरण

मृतक की पहचान 57 वर्षीय रामप्रसाद वर्मा के रूप में हुई है। वे अमिलिया प्राथमिक शाला में शिक्षक थे और वर्तमान में बीएलओ का दायित्व भी संभाल रहे थे।





### क्या था पूरा मामला?

बुधवार रात रामप्रसाद का छोटा बेटा रोहित वर्मा अपने दोस्तों के साथ सोहावल मैदान में खड़ा था। गश्त के दौरान सिविल लाइन थाना पुलिस ने उन्हें घेरा और 'ड्रंक एंड ड्राइव' के आरोप में बाइक जब्त कर थाने ले गई। रोहित का बड़ा भाई करण रात 11 बजे थाने पहुँचा, जहाँ पुलिस ने बताया कि बाइक अब कोर्ट से ही छूटेगी। परिजनों का आरोप है कि पुलिस ने सुविधा शुल्क लेकर एक अन्य दोस्त की बाइक छोड़ दी, लेकिन रोहित की बाइक जब्त कर ली।

गुरुवार सुबह करीब 8 बजे जब शिक्षक रामप्रसाद स्कूल जाने के लिए तैयार हुए और बाइक की चाबी मांगी, तब बड़े बेटे करण ने उन्हें रात की पूरी हकीकत बताई। जैसे ही उन्हें पता चला कि बेटे का चालान शराब पीकर गाड़ी चलाने के जुर्म में कटा है,वे इस सदमे को बर्दाश्त नहीं कर सके और बेहोश होकर गिर पड़े। थाना प्रभारी योगेन्द्र सिंह परिहार के अनुसार,रात में गश्त के दौरान रोहित और उसके साथी शराब पीते पाए गए थे। बीएनएस की धारा 181 के तहत उन पर कार्रवाई की गई थी। पुलिस का कहना है कि नियमों के मुताबिक ही चालान की प्रक्रिया पूरी की गई थी। शिक्षक की मौत की खबर फैलते ही शिक्षा जगत और स्थानीय समुदाय में शोक की लहर दौड़ गई है। एक मामूली चालान की खबर ने एक हंसते-खेलते परिवार के मुखिया को उनसे छीन लिया।

## खबर संक्षेप

### अभय महाजन ने माँ शारदा के दर्शन कर लिया आशीर्वाद

**मैहर।** राष्ट्रऋषि स्वर्गीय नानाजी देशमुख की सोलहवीं पुण्यतिथि के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम हेतु आमंत्रण देने मैहर पधारे चित्रकूट स्थित दीनदयाल शोध संस्थान के महासचिव अभय महाजन का सांसद प्रतिनिधि संतोष सोनी के द्वारा आत्मीय अभिनंदन एवं सम्मानपूर्वक स्वागत किया गया। इस पावन अवसर पर सभी गणमान्यजनों ने त्रिकूट पर्वत पर विराजमान जगतजननी माँ शारदा के दर्शन कर विधिवत पूजन-अर्चन किया तथा राष्ट्र,समाज और क्षेत्र की सुख-समृद्धि,शांति एवं कल्याण हेतु माता रानी से आशीर्वाद प्राप्त किया। कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष कमलेश सुहाने,सनत गौतम,सत्यभान पटेल की गरिमामयी उपस्थिति रहे।

### समय सीमा प्रकरणों की समीक्ष बैठक आयोजित

**मैहर।** मैहर कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में कलेक्टर श्रीमती रानी बाटड की अध्यक्षता में समय-सीमा प्रकरणों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य रूप से सीएम हेल्पलाइन के लंबित प्रकरणों सहित विभिन्न विभागीय कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई। कलेक्टर श्रीमती रानी बाटड ने लंबित शिकायतों और प्रकरणों के शीघ्र निराकरण पर विशेष जोर देते हुए संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट दिशा-निर्देश दिए। बैठक में एसडीएम मैहर श्रीमती दिव्या पटेल,अमरपाटन डॉ.आरती सिंह, एसडीएम रामनगर एस.पी. मिश्रा,डिप्टी कलेक्टर सुश्री आशिमा पटेल सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

### 26 वें अखिल भारतीय फुटबॉल टूर्नामेंट 25 से

**मैहर।** मैहर में 26वां अखिल भारतीय फुटबॉल टूर्नामेंट,'विधायक कप 2026 शनिवार,25 जनवरी 2026 से शुरू होने जा रहा है। फ्रेंटू क्लब मैहर द्वारा आयोजित यह टूर्नामेंट स्थानीय फुटबॉल स्टेडियम में खेला जाएगा।कार्यकम के मुख्य अतिथि विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी होंगे जब कि कार्यक्रम की अध्यक्षता श्रीमति गीता संतोष सोनी अध्यक्ष नगर पालिका परिषद करेगी। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि के रूप में रमेश पाण्डेय बम बम महराज,कमलेश सुहाने भाजपा जिलाध्यक्ष श्रीमति शीतल नितिन ताम्रकार उपाध्यक्ष नगर पालिका परिषद मैहर,श्रीमति ललिता सूर्यप्रकाश चौरसिया,पार्षद डॉक्टर केसी जैन,अम्बिका संजीव बेरी,अजय वीर एचआर हेड अल्ट्रा ट्रेक सरलानगर,देवेंद्र कुमार पटेल यूनिट हेड मप्र बिरला कारपोरेशन, विश्वनाथ चौरसिया वरिष्ठ,संतोष सोनी सांसद प्रतिनिधि,सुषमा मिश्रा सीएमओ नगर पालिका मैहर उपस्थित रहेगी।

### संकुल स्तरीय अंतरशालेय खेल प्रतियोगिता का सफल आयोजन

**मैहर।** आरसीसीपीएल प्राइवेट लिमिटेड (एम.पी. बिरला समूह) के सीएसआर विभाग के सौजन्य से शासकीय माध्यमिक शाला सदेहरा में संकुल स्तरीय अंतरशालेय खेल प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में शासकीय माध्यमिक शाला सदेहरा, घुरवाई, देवरी एवं बंधी क्षेत्र के कुल 136 विद्यार्थियों ने उत्साह और खेल भावना के साथ भाग लिया। तेजी से डिजिटल होती जीवनशैली के बीच बच्चों को शारीरिक गतिविधियों से जोड़ने के उद्देश्य से आयोजित इस प्रतियोगिता में खो-खो,100 मीटर दौड़ एवं लंबी कूद जैसी स्पर्धाएं कराई गईं। प्रतियोगिता का आयोजन 20 जनवरी 2026 को किया गया, जिसमें बालक एवं बालिका वर्ग के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के समापन अवसर पर विजेता खिलाड़ियों को ट्रॉफी,मेडल एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। पुरस्कार वितरण कार्यक्रम में अतिथियों एवं शिक्षकों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### मैहर में खाद की किल्लत देख आंदोलन के लिए मजबूर होगी कांग्रेस

**मैहर।** "साहब,पानी के मारे हाथ चटक गए हैं,अंगूठे के निशान (फिंगरप्रिंट) तक नहीं आ रहे... अब सोसाइटी वाले कहते हैं खाद नहीं मिलेगी।" यह दर्द डेल्हा गांव के किसान राम लखन पटेल का है जो कटिया सोसाइटी में खाद के लिए घंटों से कतार में खड़े थे। रबी के सीजन में खाद की किल्लत किसानों के लिए मुसीबत बन गई है। जब कांग्रेस नेता प्रभात द्विवेदी (दद्दा) किसानों का हाल जानने कटिया सोसाइटी पहुंचे,तो किसान राम लखन पटेल ने अपने फटे हुए हाथ उन्हें दिखाए। कड़ाके की ठंड और खेतों में पानी के बीच काम करने से किसान के हाथों की रेखाएं मिट चुकी हैं,जिसके कारण बायोमेट्रिक मशीन पर उनके फिंगरप्रिंट मैच नहीं हो रहे।

## यातायात नियमों के प्रति जागरूकता के लिए निकाली गई हेलमेट बाइक रैली





**सतना। सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत आमजन को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से यातायात पुलिस द्वारा गुरुवार को एक भव्य हेलमेट बाइक रैली का आयोजन किया गया। यह रैली शहर के विभिन्न मार्गों से गुजरी,जिसका मुख्य लक्ष्य लोगों को हेलमेट पहनने और सुरक्षित वाहन चलाने के लिए प्रेरित करना था।**

### रैली का मार्ग और शुभारंभ

इस रैली का शुभारंभ पुलिस लाइन से हुआ,जहाँ डीएसपी (यायात) संजय खरे और रक्षित निरीक्षक देविका सिंह बघेल ने हरी झंडी दिखाकर इसे रवाना किया। पुलिस लाइन से शुरू होकर यह रैली सर्किट हाउस,सेमरिया चौक,सिविल लाइन चौक और कोठी तिराहा होते हुए यातायात थाने पर संपन्न हुई।

### जागरूकता के विशेष प्रयास

रैली में सबसे आगे एक 'जागरूकता रथ' चल रहा था,जिस पर हेलमेट के प्रयोग और यातायात नियमों के पालन से संबंधित पोस्टर और बैनर लगे हुए थे। रैली में शामिल सभी पुलिस जवानों ने स्वयं हेलमेट पहनकर जनता को सुरक्षा का संदेश दिया।

### सड़क सुरक्षा माह का आयोजन

उल्लेखनीय है कि यातायात पुलिस 1 जनवरी से 31 जनवरी तक सड़क सुरक्षा माह मना रही है। इस अभियान के तहत न केवल रैली निकाली जा रही है,बल्कि शहर के विभिन्न स्थानों पर चेकिंग लगाकर नियमों का पालन करने वाले वाहन चालकों को सम्मानित भी किया जा रहा है।

## बस चालक के साथ मारपीट और अभद्रता, कोलगवां थाने में शिकायत दर्ज




**सतना।** सतना से रीवा जा रही बस के चालक के साथ रास्ते में कुछ युवकों द्वारा मारपीट और गाली-गलौज करने का मामला सामने आया है। पीड़ित बस चालक राकेश साकेत निवासी रीवा ने इस संबंध में कोलगवां थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई है।

### क्या है पूरा मामला?

पीड़ित चालक के अनुसार, 22 जनवरी की सुबह करीब 8:40 बजे जब वह यात्रियों को लेकर रीवा जा रहा था,तभी कारगिल ढाबा के पास आशु साकेत,अंकित साकेत,किशन साकेत निवासी कृपालपुर और अन्य 3-4 साथियों ने मिलकर उसके साथ मारपीट की। जैसे-तैसे चालक बस लेकर आगे बढ़ा,लेकिन आरोपियों ने करही के पास दोबारा बस के आगे गाड़ी अड़ाकर उसे रोक लिया।

### सवारियों और कंडक्टर से भी बदसलूकी

आरोपियों ने बस में चढ़कर चालक और कंडक्टर के साथ दोबारा मारपीट की और जातिसूचक धमकियां (हरिजन एक्ट लगवाने की धमकी) दीं। इतना ही नहीं, बस में बैठी सवारियों के साथ भी अभद्र व्यवहार और गाली-गलौज की गई। जाते-जाते आरोपियों ने चालक को जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़ित ने पुलिस से आरोपियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की है।



## लोकतंत्र की नींव से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगाः धर्मेश घई

### मतदाता सूची पुनरीक्षण में पारदर्शिता को लेकर कांग्रेस का हल्ला बोल, कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

**मैहर।** मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्य में निष्पक्षता और पारदर्शिता की मांग को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी मैहर ने मोर्चा खोल दिया है। सोमवार को जिला कांग्रेस अध्यक्ष धर्मेश घई के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर जिला निर्वाचन अधिकारी को एक विस्तृत ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन सौंपने के बाद पत्रकारों से चर्चा करते हुए जिला अध्यक्ष धर्मेश घई ने कहा कि मतदाता सूची लोकतंत्र की आधारशिला है। उन्होंने राजस्थान में पुनरीक्षण कार्य के दौरान सामने आई कथित अनियमितताओं का हवाला देते हुए आशंका जताई कि यदि मध्यप्रदेश में भी ऐसी लापरवाही हुई, तो यह लोकतांत्रिक निष्पक्षता पर बड़ा प्रश्न चिन्ह होगा। उन्होंने प्रशासन से इस पूरी प्रक्रिया को राजनैतिक हस्तक्षेप से मुक्त रखने की अपील की। कांग्रेस ने निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप कार्य संपन्न कराने हेतु चार मुख्य बिदु रखे हैं जिनमें केवल निर्वाचन आयोग द्वारा मुद्रित या आधिकारिक वेबसाइट से डाउनलोड किए गए 'फार्म-07' ही स्वीकार किए जाएं। निजी तौर पर छपे फार्मों को तत्काल निरस्त किया जाए प्रत्येक मतदान केंद्र पर बीएलओ एक दिन में अधिकतम 15 फार्म ही लें और इसकी जानकारी प्रतिदिन राजनैतिक दलों को दी जाए।

## मझगवां में तीन दिवसीय राष्ट्रीय बालिका दिवस कार्यक्रम का भव्य शुभारंभ



### छात्राओं ने बताया भारत के आर्थिक विकास में बेटियों का महत्व; कलम भेंट कर अतिथियों का किया गया अनूठा स्वागत

**सतना। 'बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ' योजना के अंतर्गत राष्ट्रीय बालिका दिवस के उपलक्ष्य में महिला एवं बालविकास विभाग और जिलाप्रशासन सतना के मार्गदर्शन में एक विशेष पहल की गई है। समन्वयक माधवम ईप्सा फाउंडेशन के सहयोग से तीन दिवसीय कार्यक्रम का आगाज संदीपनी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय,मझगंवा में हुआ।**

### भाषण प्रतियोगिताः भारत के आर्थिक विकास में बालिकाओं की भूमिका

कार्यक्रम के पहले दिन भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।छात्राओं ने "भारत के आर्थिक विकास में बालिकाओं की भूमिका" विषय पर अपने ओजस्वी विचार रखे और यह सिद्ध किया कि राष्ट्रकी प्रगति में बेटियों की भागीदारी अपरिहार्य है।

### नवाचारः माला नहीं, कलम से स्वागत

इस कार्यक्रम में फाउंडेशन द्वारा एक सराहनीय और नवाचारपूर्ण पहल देखने को मिली। अतिथियों का स्वागत पारंपरिक फूलों की मालाओं के स्थान पर 'कलम' (पेन) भेंट कर किया गया। संस्था का उद्देश्य इस माध्यम से समाज में शिक्षा और उपयोगिता का सकारात्मक संदेश प्रसारित करना रहा।

### विजेताओं का सम्मान

प्रतियोगिता में छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया,जिन्हें मुख्य अतिथि द्वारा नकद पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया गया। प्रथम स्थान रौनक शर्मा,द्वितीय स्थान पुष्पा यादव,तृतीय स्थान सोनाक्षी पाण्डेय, सांत्वना पुरस्कार चित्रा गर्ग,तमिशा साहू,अनन्या अग्रवाल,मुस्कान सिंह। प्रमुख अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति

कार्यक्रम में मुख्यअतिथि के रूप में जिला पंचायत सदस्य संजय सिंह कछवाह उपस्थित रहे। मुख्य वक्ता रामराज सिंह (अध्यक्ष, वीरांगना दुर्गावती ग्रामीण एवं शोध समिति) ने बालिकाओं के सशक्तिकरण पर प्रेरक उद्बोधन दिया। विशिष्ट अतिथियों में निरंजन जायसवाल (सांसद प्रतिनिधि),निखिल गौतम (मंडल मंत्री,भाजपा),किरण अग्रवाल (अध्यक्ष,सांगिनी महिला मंडल) एवं राजकुमार जायसवाल शामिल हुए।

### आयोजन टीम और आभार

माधवम ईप्सा फाउंडेशन के निदेशक आशिष कुमार सेन ने कार्यक्रम की रूपरेखा साझा की। विद्यालय के प्राचार्य राजेन्द्र उपाध्याय के मार्गदर्शन में कार्यक्रम संपन्न हुआ। आयोजन में पवन कुमार,राकेश गौतम और तेजभान का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बालिकाओं को शिक्षा और आत्मनिर्भरता के प्रति जागरूक कर समाज में उनकी भूमिका को सुदृढ़ करना है।

## अकेली महिला से लूट करने वाला तीसरा आरोपी भी चढ़ा पुलिस के हत्थे, भेजा गया जेल

**सतना।** सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र में राह चलती महिलाओं को निशाना बनाने वाले लुटेरों के खिलाफ पुलिस को एक और बड़ी सफलता मिली है। सिटी कोतवाली पुलिस ने जगत देव तालाब के पास हुई लूट की वारदात में शामिल फरार तीसरे आरोपी को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेज दिया है।

### क्या था मामला?



बीती 12 नवंबर 2025 को एक महिला ने शिकायत दर्ज कराई थी कि जब वह जगत देव तालाब पेट्रोल पंप के पास से पैदल गुजर रही थी,तभी मोटरसाइकिल सवार तीन बदमाशों ने उनके साथ गाली-गलौज की और गले से चेन व पैसे लूटने का प्रयास किया। पुलिस ने तत्काल मामला दर्ज कर सीसीटीवी फुटेज और साक्ष्यों के आधार पर जांच शुरू की थी।

### दो आरोपी पहले ही जा चुके हैं जेल

पुलिस ने इस मामले में तत्परता दिखाते हुए पूर्व में ही दो आरोपियों, प्रिंस सोनी और प्रिंस दाहिया को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। लेकिन वारदात का तीसरा साथी संतोष साहू उर्फ रामप्रकाश 30 वर्ष, निवासी देवार उचेहरा,घटना के बाद से ही लगातार फरार चल रहा था और पुलिस की गिरफ्त से बचने के लिए ठिकाने बदल रहा था। पुलिस अधीक्षक हंसराज सिंह,एएसपी डॉ.शिवेष सिंह बघेल और सीएसपी देवेन्द्र प्रताप सिंह चौहान के निर्देशन में थाना प्रभारी निरीक्षक रावेन्द्र द्विवेदी की टीम ने मुखबिर की सूचना पर घेराबंदी कर संतोष साहू को धर दबोचा। आरोपी को आज माननीय न्यायालय में पेश किया गया,जहां से उसे केंद्रीय जेल सतना भेज दिया गया है। आरोपी की गिरफ्तारी में थाना प्रभारी रावेन्द्र द्विवेदी के नेतृत्व में सउनि सुमित मरावी,प्रधान आरक्षक आशीष सिंह और प्रधान आरक्षक रावेन्द्र तिवारी की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## प्रिज़्म जॉनसन लिमिटेड ने जीता 2nd ग्रीन एनवायरो फाउंडेशन सेफ्टी अवार्ड - 2026

**सतना।** प्रिज़्म जॉनसन लिमिटेड-सीमेंट डिवीजन,सतना को सेफ्टी के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु 2nd ग्रीन एनवायरो फाउंडेशन सेफ्टी अवार्ड -2026 प्रदान किया गया है। यह अवार्ड प्रिज़्म जॉनसन लिमिटेड की ओर से उपमहाप्रबंधक (सेफ्टी) विपिन कुमार ने दिनांक 12 जनवरी 2026 को गोवा सेफ्टी सम्मेलन में प्राप्त किया। उपरोक्त आशय की जानकारी देते हुये प्रिज़्म जॉनसन लिमिटेड के डीजीएम सीएसआर एंड पीआर देवेन्द्र मिश्रा ने बताया कि प्लान्ट परिसर में आने वाले सभी आगंतुकों,वेंडर,सप्लायर,सरकारी अधिकारी,कर्मचारी एवं श्रमिकों को सेफ्टी गैलरी में सेफ्टी इंडक्शन ट्रेनिंग कराई जाती है,फिर प्लांट के खतरों एवं सुरक्षा सावधानियों के बारे मे बताया जाता है। कार्य के अनुरुप ये मॉडल बनाये गए हैं। प्लांट परिसर में प्रत्येक महीने सेक्शन वाइज आपातकालीन मॉक ड्रिल कराई जाती है और सभी सेक्शन में टूल बॉक्स टॉक करवाया जाता है। सुरक्षा विभाग द्वारा इंडक्शन ट्रेनिंग दिलाई जाती है साथ ही साथ कन्फाइन स्पेस,हॉट वर्क,ऊँचाई कार्य आदि विषयों के बारे में बताया जाता है। प्रिज़्म जॉनसन लिमिटेड-सीमेंट डिवीजन द्वारा सेफ्टी के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए मिले अवार्ड पर कंपनी के कार्यकारी निदेशक एवं सीईओ राकेश जैन,प्रसीडेंट एवं प्लांट हेड मनीष कुमार सिंह,हेड एचआरएम एंड कार्पोरेट अफेयर्स एंड हेड कार्पोरेट एचआर डॉ.मनीष कुमार सिन्हा एवं अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने हर्ष व्यक्त की और भविष्य में भी कम्पनी द्वारा सेफ्टी के क्षेत्र में अनवरत कार्य जारी रहेंगे।




## सर्व हिंदू समाज कार्यक्रम को लेकर बैठक आयोजित



**मैहर।** नगर में आगामी 25 जनवरी को आयोजित होने वाले सर्व हिदू समाज कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर वार्ड नंबर 22 स्थित हनुमान मंदिर परिसर में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में कार्यक्रम की तैयारी,व्यवस्थाओं एवं आयोजन की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक को संबोधित करते हुए समाजसेवी विजय सिंह ने कार्यक्रम के उद्देश्य और स्वरूप की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह कार्यक्रम भव्य एवं सुव्यवस्थित तरीके से आयोजित किया जाएगा,जिसमें सर्व हिंदू समाज की व्यापक भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। विजय सिंह ने सभी वार्ड एवं नगर वासियों से एकजुट होकर कार्यक्रम को सफल बनाने का आह्वान किया।बैठक में बड़ी संख्या में वार्डवासी एकत्रित हुए और कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए अपने सुझाव भी प्रस्तुत किए।

## खबर संक्षेप

### ट्रक से कट मारते ही उछली बाइक, 55 वर्षीय महिला की दर्दनाक मौत



अमानगंज। दर्दनाक सड़क हादसा, पुरैना के आगे चंडी माता मंदिर के पास मंगलवार शाम एक अज्ञात बेलगाम ट्रक ने चलती मोटर साइकिल को पीछे से कट मार दी। हादसे में बाइक के पीछे बैठी 55 वर्षीय महिला की मौके पर ही मौत हो गई। बडखेरा निवासी रामकुमार प्रजापति (33) ने बताया कि वह अपनी मां राधिका प्रजापति (55) को दवा कराने ग्राम तुन्ना ले गए थे। उपचार के बाद शाम को वापस बडखेरा लौटते समय पुरैना के आगे चंडी माता मंदिर के पास तेज रफ्तार ट्रक ने पीछे से कट मारते हुए बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गड्ढे में जा गिरी। हादसे में राधिका प्रजापति को गंभीर चोटें आईं। उन्हें बेहोशी की हालत में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अमानगंज लाया गया, जहां डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद ट्रक चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया।पुलिस ने मामला दर्ज कर अज्ञात ट्रक चालक की तलाश शुरू कर दी है।

### कलेक्टर प्रतिनिधियों का हुआ प्रशिक्षण



**पन्ना।** माध्यमिक शिक्षा मंडल की हायर सेकेण्डरी एवं हाईस्कूल की बोर्ड परीक्षाएं क्रमशः 10 एवं 13 फरवरी से सुबह 9 से दोपहर 12 बजे तक आयोजित की जाएंगी। सत्र 2025-26 की परीक्षाओं के लिए जिले में 48 परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं। परीक्षा केन्द्रवार कलेक्टर प्रतिनिधियों की नियुक्ति भी की गई है। प्रत्येक परीक्षा दिवस पर पुलिस थाना एवं चौकी से प्रश्न पत्र निकालने तथा संबंधित परीक्षा केन्द्रों तक केन्द्राध्यक्ष एवं सहायक केन्द्राध्यक्ष के साथ सुरक्षित पहुंचाने के लिए गुरूवार को डाईट में कलेक्टर प्रतिनिधियों को आवश्यक प्रशिक्षण दिया गया। जिला ई गवर्नेंस प्रबंधक तरूण चौरसिया एवं धीरज पाण्डेय द्वारा प्रशिक्षण के दौरान दायित्वों तथा बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में अवगत कराया गया। इस दौरान कलेक्टर प्रतिनिधियों की समस्याओं व प्रश्नों का समाधान भी किया गया। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी रविप्रकाश खरे भी उपस्थित रहे।

### जिला स्तरीय सलाहकार समिति की बैठक 27 जनवरी को

**पन्ना।** खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए खाद्य सुरक्षा पर गठित जिला स्तरीय सलाहकार समिति की बैठक मंगलवार, 27 जनवरी को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में दोपहर 12 बजे से आयोजित की गई है। खाद्य सुरक्षा एवं पर्यवेक्षण, निगरानी व मूल्यांकन सहित नियामक प्रावधानों के परिपालन और आगामी त्यौहारों के दृष्टिगत आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित कर विभागीय लक्ष्य प्राप्ति के उद्देश्य से इस बैठक का आयोजन किया गया है। खाद्य सुरक्षा प्रशासन के अभिहित अधिकारी डॉ. राजेश प्रसाद तिवारी द्वारा बैठक में सर्वसंबंधितों से उपस्थित रहने का आग्रह किया गया है।

### दिव्यांग जागरूकता आभियान कार्यक्रम आयोजित



**पन्ना।** श्रीराम शिक्षा प्रसार एवं ग्रामीण विकास समाजोत्थान समिति पन्ना द्वारा संचालित स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय जनकपुर पन्ना के द्वारा आज दिनांक 22 जनवरी 2026 को दिव्यांग जागरूकता के उद्देश्य से एक दिवसीय भ्रमण एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के छात्रदृछात्राओं एवं शिक्षकों ने सक्रिय भागीदारी करते हुए समाज में दिव्यांगजनों के अधिकार, सुविधाएँ एवं उनके प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करने का संदेश दिया। कार्यक्रम के अंतर्गत नगरपालिका वार्ड क्रमांक 28 जनकपुर में विभिन्न स्थानों का भ्रमण किया गया तथा आमजन को दिव्यांगजनों के प्रति व्यवहार, शिक्षा एवं रोजगार की संभावनाओं के बारे में जागरूक किया गया। विशेषज्ञ श्री अनुरुद्ध सिंह जी द्वारा दिव्यांगजनों की श्रेणियों, सरकारी योजनाओं तथा विशेष शिक्षा की आवश्यकता पर विस्तृत जानकारी दी गई। महाविद्यालय के प्राचार्य सुश्री प्रतिभा वर्मा जी ने अपने उद्बोधन में कहा कि दिव्यांग व्यक्ति समाज का अभिन्न अंग हैं और उन्हें समान अवसर एवं सम्मान मिलना चाहिए। इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम सामाजिक संवेदनशीलता बढ़ाने में अत्यंत महत्वपूर्ण हैं।

## किसानों द्वारा ईको सीमेंट प्लांट के खिलाफ आर-पार का एलान

# जमीन हमारी मां है कारखानों की कब्रगाह नहीं



### क्षेत्रीय विधायक का नहीं मिला साथ, किसानों में असंतोष व्याप्त कांग्रेसियों ने किसानों की रैली में सम्मिलित लोगों को पिलाया पानी

गुनौर।

भारतीय किसान संघ महाकौशल प्रांत, जिला पन्ना के तत्वावधान में किसानों ने मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपते हुए पन्ना जिले में प्रस्तावित ईको सीमेंट प्लांट को निरस्त कराने की मांग की है। ज्ञापन में कहा गया है कि अमानगंज व गुन्नौर तहसील के अंतर्गत 12 से 15 गांवों की उपजाऊ कृषि भूमि पर उद्योग स्थापित करने की तैयारी की जा रही है, जो किसानों और कृषि के लिए घातक सिद्ध होगी। ज्ञापन के अनुसार नया बरहा, महेबा, गौरा, चिकलहाई, कांटी, डहर्रा, पवईया, हिनौती, बेली, पटेलपुरा, हिनौती मिश्र, सहित आसपास के गांवों में प्रस्तावित ईको सीमेंट प्लांट से किसानों की आजीविका प्रभावित होगी। किसानों का कहना है कि यह क्षेत्र प्रदेश की सबसे उपजाऊ जमीनों में शामिल है, जहां उद्योग की कोई आवश्यकता नहीं है और औद्योगिक गतिविधियों से पर्यावरण व खेती दोनों को नुकसान पहुंचेगा। किसानों ने आरोप लगाया कि भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया में पारदर्शिता नहीं बरती जा रही है तथा किसानों को 4 लाख रुपये प्रति एकड़ की दर से नोटिस दिए जा रहे हैं, जबकि इस दर पर वर्तमान समय में कहीं भी जमीन उपलब्ध नहीं है। संगठन ने नोटिस तत्काल निरस्त करने और किसानों की जमीन बचाने की मांग की है। भारतीय किसान संघ महाकौशल के पदाधिकारियों एवं किसानों ने पूर्व में क्षेत्रीय विधायक राजेश वर्मा को इस ज्ञापन के संबंधन में सूचना दी गई थी परन्तु जो विधानसभा गुनौर को ज्ञापन दिया जाना था वह लेने के लिए नहीं मिले जिससे यूनियन के पदाधिकारियों एवं किसानों में क्षेत्रिय विधायक के प्रति रोष व्याप्त है। ज्ञापन में चेतावनी दी गई है कि यदि 10 दिनों के भीतर समस्या का निराकरण नहीं किया गया तो किसान एकजुट होकर विशाल धरना-प्रदर्शन और आंदोलन करेंगे, जिसकी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी।



इस मौके पर भारतीय किसान संघ के प्रांतीय अधिकारी प्रान्त मंत्री दामोदर पटेल प्रान्त प्रचार प्रमुख राममिलन पटेल संभाग उपाध्यक्ष भबानी जी जिला अध्यक्ष रामकृपाल पटेल जिला मंत्री लोकेन्द्र बुन्देला जिला युथ अध्यक्ष मुकेश पाठक बीरेंद्र तिबारी तहसील अध्यक्ष इंद्रजीत पटेल देबेन्द्रनगर से संत कुमार पटेल नीरज राजा गोरा भूरे पटेल सुरेन्द्र सिंह धर्मेंद्र सिंह छोटू राजा रोहित जगदीश पटेल सहित लग भग 500 से अधिक किसान मौजूद रहे।

## सामूहिक दवा सेवन कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए कार्यशाला आयोजित



**पन्ना।** पन्ना जिले में आगामी 10 से 25 फरवरी तक फायलेरिया उन्मूलन के लिए 2 वर्ष से अधिक आयु के समस्त लक्षित आबादी को फायलेरिया रोधी दवा का सेवन करवाया जाना है। सामूहिक दवा सेवन कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए गुरूवार को रैपिड रिस्पांस टीम के प्रषिक्षण सह कार्यषाला का आयोजन जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एम.के. गुप्ता की अध्यक्षता में किया गया। बैठक में उपस्थित चिकित्सा अधिकारियों एवं स्वास्थ्य कार्यकताओं को निर्देशित किया गया कि कार्ययोजना अनुसार सौंपे गए दायित्वों का निर्वहन करें। किसी व्यक्ति को फायलेरिया दवा के सेवन उपरांत यदि कोई समस्या होती है, तो टीम द्वारा तुरंत संबंधित व्यक्ति को उपचार प्रदान किया जाए। स्वास्थ्य कार्यकर्ता अपने कार्य क्षेत्र में एमडीए का प्रचार-प्रसार करें एवं अभियान के दौरान समस्त लक्षित जनसमुदाय को फायलेरिया रोधी दवा का सेवन करवाया जाना सुनिष्चित करें। जिला मलेरिया अधिकारी अरुणेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि सामूहिक दवा सेवन कार्यक्रम अंतर्गत डीईसी एवं एल्वेन्डाजोल दवाईयों का सेवन उम्र के अनुसार एवं आइवरमेक्टिन दवा का सेवन व्यक्ति की लंबाई के अनुसार करवाया जाएगा। उक्त दवाईयों का किसी प्रकार का दुष्प्रभाव नहीं होता है।

# श्री जुगुल किशोर मंदिर में भागवत कथा की धूम रुक्मणी विवाह के प्रसंग ने भक्तों को किया भावविभोर

पन्ना।

धर्म और आस्था की नगरी पन्ना के सुप्रसिद्ध श्री जुगुल किशोर मंदिर में इन दिनों श्रीमद्भागवत कथा की अमृत वर्षा हो रही है। प्रयनकर्ता श्री राम विलास तिवारी जी के संयोजन में आयोजित इस भव्य कथा का रसपान मुख्य श्रोता श्री राम अवतार पांडेय एवं उनकी धर्मपत्नी श्रीमती कल्पना पाण्डेय सहित भारी संख्या में श्रद्धालु कर रहे हैं।





**रुक्मणी विवाह और सती चरित्र का सजीव वर्णन–** 17 जनवरी से प्रारंभ हुई इस कथा के छठवें दिन सुप्रसिद्ध कथा व्यास धनुर्धर त्रिपाठी जी ने भगवान श्रीकृष्ण और माता रुक्मणी के विवाह प्रसंग का अत्यंत मार्मिक और विस्तार से वर्णन किया। कथा व्यास ने सती चरित्र और इंद्र की परीक्षा की कथा के माध्यम से भक्तों को धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी। बिना संगीत के हो रही इस कथा में महाराज जी की ओजस्वी वाणी और ज्ञान का प्रवाह श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर रहा है, जिससे वे कथा के मूल तत्व को गहराई से समझा पा रहे हैं।

**बनारस के ब्राह्मणों की आरती बनी आकर्षण का केंद्र–** कथा के उपरांत प्रतिदिन होने वाली आरती का दृश्य अद्भुत होता है। बनारस से आए पाँच ब्राह्मण युवाओं की टोली अपनी विशेष शैली में आरती संपन्न करती है, जो हर किसी का मन मोह रही है। आरती के दौरान शंख और घंटों की ध्वनि से पूरा मंदिर परिसर आध्यात्मिक ऊर्जा से भर जाता है।

**कल होगा सुदामा चरित्र के साथ समापन–** दोपहर 3 बजे से श्हरि इच्छाश तक चलने वाली इस कथा का समापन कल, 23 जनवरी 2026 को होगा। समापन दिवस पर भगवान श्रीकृष्ण और उनके अनन्य मित्र सुदामा के चरित्र का वर्णन किया जाएगा। आयोजकों ने सभी धर्मप्रेमियों से समापन अवसर पर उपस्थित होकर पुण्य लाभ अर्जित करने की अपील की है।

## अजयगढ़ रेंज के अंर्गक्त खदिया हनुमान मंदिर में हुया अनुभूति कार्यक्रम का आयोजन

### कार्यक्रम के तहत स्कूल के बच्चों ने जाना प्रकृति व जंगलों का राज

अजयगढ़



अजयगढ़ रेंज के द्वारा मध्यप्रदेश ईको पर्यटन विकास बोर्ड मध्यप्रदेश शासन के अंतर्गत अनुभूति कार्यक्रम आयोजित कर स्कूल के बच्चो को प्रकृति व जंगलो के जीव, जंतु,पक्षी सहित पेड़ो की उपयोगिता के बारे में जानकारी दी गई।उक्त कार्यक्रम के तहत सुबह 10 बजे अजयगढ़ वन विभाग द्वारा खदिया के मंदिर के पास कार्यक्रम आयोजित किया गया।वन परिक्षेत्र अधिकारी अजयगढ़ पंकज दुबे व धरमपुर बैभव सिंह चंदेल के द्वारा बच्चो को पेड़ो की उपयोगिता व जंगल के जीव जंतुयों के बारे में बताया गया।उन्होंने आगे बताया कि इस बार ष्में हूँ बाघ ष्,ष्हम है बदलावष्, ष्हम है धरती के दूतष् थीम के तहत बाघों के संरक्षण व जंगल के संरक्षण को लेकर बच्चो को जानकारी दी गई।मास्टर ट्रेनर मनीष रावत ने जानकारी देते हुए बच्चों को बताया कि हमारे आसपास दिखने विभिन्न सर्प में सभी सर्प जहरीले नहीं होते। हमारे आसपास केवल 4 प्रकार के सर्प ही पाए जाते है जिनमे कुछ जहरीले होते है बाकी हम सभी से बेवजह ही डरते है। आज के कार्यक्रम में हाईस्कूल अम्हा व हाई स्कूल बारा कगरे का के छात्र छात्राओं को जंगलों की सैर करवा कर पेड़, पौधों, जीव जंतुओं एवं जल संरक्षण की जानकारी दी गई। जंगल में बच्चो। ने वन विभाग के साथ पर्यवारण का लुत्फ उठाया साथ ही जंगलों में उगने बाले पेड़ो व जीव जंतुओं की सुरक्षा के लिए प्रण लिया।अनुभूति कार्यक्रम में स्कूली बच्चे काफी खुश नजर आए साथ ही वन विभाग ने बच्चो को जानकारी देने के पश्चात परीक्षा भी आयोजित की।जिसमे उत्कृष्ट प्रदर्शन करने बाले बच्चो को प्रोत्साहित करने हेतु उपहार दिए गए।अनुभूति कार्यक्रम में वन विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों के साथ बच्चो ने पेड़ लगाने जीव जंतुओं की रक्षा करने एवं जल संरक्षण की शपथ भी ली गई। अनुभूति कार्यक्रम में मुख्यरूप से एसडीएम आलोक मार्को, एसडीओपी राजीव सिंह, तहसीलदार सुरेंद्र कुमार, नायब तहसीलदार डी आर अहिरवार मास्टर ट्रेनर मनीष रावत, प्रशिक्षु क्षेत्रपाल ओंकारनाथ मिश्रा, थाना प्रभारी बखत सिंह, डिप्टी रेंजर राजकुमार तिवारी, लल्लू प्रसाद प्रजापति व मुकेश रैकवार, बीटगार्ड अनिल राजपूत, रामनरेश राजपूत, प्रतीक तिवारी, रामलखन शाक्य, ओमप्रकाश कुरैले, सचिन सिंह सहित अजयगढ़ वन विभाग का अमला साथ में रहा।

## स्व महेंद्र सिंह लोधी स्मृति में आयोजित पवई क्रिकेट टूर्नामेंट का 23 जनवरी को होगा समापन

### महाराजा छत्रसाल मैदान में खेले जाएंगे फाइनल मुकाबले

पवई।







पवई नगर के महाराजा छत्रसाल खेल मैदान में एक माह से चल रहे पवई प्रीमियर लीग क्रिकेट टूर्नामेंट जिसका आयोजन पवई विधानसभा के लोकप्रिय विधायक प्रहलाद सिंह लोधी के स्वर्गीय पुत्र महेंद्र सिंह लोधी की स्मृति में आयोजित हो रहा था। इस क्रिकेट टूर्नामेंट में पंचायत स्तर की 70 एवं संभागीय स्तर की 16 टीमों ने भाग लिया था, शुक्रवार 23 जनवरी को टूर्नामेंट का समापन होगा। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में खजुराहो सांसद विष्णु दत्त शर्मा,विशिष्ट अतिथि पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं वर्तमान पन्ना विधायक बृजेंद्र प्रताप सिंह,जिला अध्यक्ष बृजेंद्र मिश्रा,जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मीना राजे परमार होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मोहनी आनंद मिश्रा,जनपद अध्यक्ष शाहनगर आशीष खरे एवं नगर परिषद अध्यक्ष बसंत दहायत के द्वारा की जाएगी। इस क्रिकेट टूर्नामेंट के इतिहास में पहली बार दो फाइनल मुकाबले खेले जाएंगे। पहला फाइनल मुकाबला लुधनी अे मुराछ की टीमों का सुबह 10 बजे, दूसरा मुकाबला संभाग स्तरीय लक्ष्मण एकादश और गुनौर की टीम का 1 बजे से खेला जाएगा। पवई की क्रिकेट के इतिहास में पहली बार दो फाइनल मुकाबले खेले जाएंगे। इस क्रिकेट टूर्नामेंट के आयोजन और सफल संचालन में रवि शंकर सिंह, आदित्य बुंदेला, गोविंद लोधी, प्रदीप पटेल जगदीशपुरा,ओंकार पटेल इंजीनियर, जीतेंद्र बुंदेला, तनु नगायच, पवन सिंह,दीपक राजा कुलदीप चतुर्वेदी, कुलदीप खटीक, रविकांत नगायच, रेहान खान, अरुण पाल पटेल इमलिया अमन बागरी, मुकेश बागरी, हरिराम पटेल, आर पी सिंह दीपक सिंह, प्रदीप पटेल मुराछ अतुल बागरी और खेल प्रेमियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## पुलिस विभाग के द्वारा जहां दो वर्ष एवं तीन वर्ष तथा सात वर्ष से फरार स्थाई वारंटियों को पकड़ा गया है निश्चित तौर पर कानून का पालन कराये जाने पुलिस की कार्यवाही

**पन्ना। आखिर अपराधियों के द्वारा जो इस तरह से कई वर्ष बीतने के हालात तय हो जाते है और वारंटियों को गिरफतार करने में कहीं न कहीं जो समय बीत गया उससे उनके हौसले जो बुलंद रहते है आखिर पुलिस अधीक्षक पन्ना के मार्गदर्षन में जहां माननीय उच्च न्यायालय के द्वारा जिस तरह से इन वारंटियो को गिरफतार करने के लिए जो आदेष पुलिस मुख्यालय भोपाल से किये गये वहीं पन्ना जिले में अभियान चलाकर विभिन्न थानों के अंतर्गत जो कार्यवाही की गई है वह अपने आप में कानून का पालन कराये जाने को लेकर एक बड़ी कार्यवाही मानी गई।**

गौरतलब बात यह है कि पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती निवेदिता नायडू के निर्देषन में फरार एवं दीर्घकाल से लंबित स्थाई वारंटियों की गिरफतारी हेतु जो प्रभावी अभियान चलाकर माननीय न्यायालयो से जारी स्थाई वारंटों के त्वरत पालन हेतु थाना प्रभारियों को निर्देष दिये गये जिसमें दो वर्ष से जो फरार आरोपी चल रहा था जिसमें थाना रैपुरा अंतर्गत जो आरोपी था जिसको लेकर माननीय मुख्य न्यायिक मजिस्टेट पन्ना के न्यायालय द्वारा प्रकरण क्रमांक 129/2018 में आरोपी जगदीष सिंह पिता स्व. श्री भगवान सिंह ठाकुर उम्र 40 वर्ष निवासी सिमराकला थाना पवई के विरूद्ध धारा 279, 337, 338 भारतीय दण्ड विधान 184, 130/117 मोटरव्हीकल एक्ट के अंतर्गत उक्त आरोपी जो दो वर्ष से फरार होकर न्यायालीन कार्यवाही से बच रहा था जिसे रैपुरा





पुलिस ने विधिवत सूचना देकर गिरफतार करते हुए कार्यवाही की। व माननीय न्यायालय पवई में आरोपी को पेष किया गया। इसी तरह तीन वर्ष से फरार स्थाई वारंटी जो थाना अमानगंज अंतर्गत गंभीर अपराध हत्या के प्रकरण में लम्बे समय से फरार था जिस पर मध्यप्रदेष माननीय उच्च न्यायालय जबलपुर एवं पुलिस मुख्यालय भोपाल के आदेषानुसार पुलिस अधीक्षक पन्ना के निर्देषन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्षन में स्थाई वारंटी तामीली किये जाने हेतु निर्देषित किया गया था। जिसमें थाना अमानगंज पुलिस ने स्थाई वारंटी आरोपी षिवविजय बागरी पिता अमान सिंह बागरी उम्र 35 वर्ष निवासी ग्राम मोहनपुरवा थाना अमानगंज जिला पन्ना को गिरफतार करते हुए माननीय न्यायालय द्वारा आरोपी के विरूद्ध जो स्थाई वारंटी जारी किया गया था जिसमें लम्बे समय से फरार होकर आरोपी न्यायालीन कार्यवाही से बच रहा था। जहां आरोपी को टिकुरिया मोहल्ला पन्ना से गिरफतार कर विधिवत माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। जहां न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजे जाने का आदेष पारित किये गये हैं आरोपी के विरूद्ध धारा 302, 201, 34 भारतीय दण्ड विधान के तहत प्रकरण पंजीबद्ध रहा। इसी तरह सात वर्ष से फरार स्थाई वारंटी को भी गिरफतार करने में थाना कोतवाली पन्ना ने कार्यवाही को अंजाम दिया है। गौरतलब बात यह है कि वांछित आरोपी जो थाना कोतवाली क्षेत्र के धोखाधड़ी (एनआईए) एक्ट के प्रकरण में लम्बे समय से सात वर्ष से फरार था जिस पर माननीय उच्च न्यायालय जबलपुर एवं पुलिस मुख्यालय भोपाल के आदेषानुसार जहां स्थाई वारंटियों के गिरफतारी हेतु जो विषेष अभियान चलाया जा रहा है उक्त अभियान के अंतर्गत पुलिस अधीक्षक श्रीमती निवेदिता नायडू के निर्देषन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना सुश्री बंदना सिंह के मार्गदर्षन में जिले के समस्त थाना प्रभारियों जो अधिक से अधिक स्थाई वारंटियों की तामीली किये जाने हेतु निर्देषित किया गया था इसी तारतम्म में थाना कोतवाली पन्ना निरीक्षक रोहित मिश्रा के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा माननीय न्यायालय पन्ना के प्रकरण क्रमांक 57/18 धारा 138 एनआईएक्ट में वर्ष 2018 से फरार चल रहे आरोपी विवेक सेन पिता आषाराम सेन निवासी वार्ड क्रमांक 21 नगर पालिका के पीछे पन्ना को गिरफतार किया गया। उक्त प्रकरण में माननीय न्यायालय द्वारा वर्ष 2024 में आरोपी के विरूद्ध स्थाई वारंट जारी किया गया था जो लम्बे समय से फरार होकर न्यायालयीन कार्यवाही से बच रहा था जिसे 20 जनवरी 2026 को पन्ना शहर से गिरफतार किया गया आरोपी पर विधिवत कार्यवाही करते हुए अभिरक्षा में लेकर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजे जाने के आदेष पारित किये गये है इस तरह से जो जिले में विभिन्न स्थाई वारंटी दो तीन व सात वर्ष से फरार चल रहे थे इन पर कार्यवाही की दिषा अंततः तय हो गई।

## खबर संक्षेप

### वृद्ध को लाठियों से पीटा जिला अस्पताल में भर्ती



**छतरपुर।** थाना हरपालपुर क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम कराठा में गुरुवार सुबह करीब 9 बजे एक गंभीर मारपीट की घटना सामने आई है। ग्रामवासी 55 वर्षीय बाबूलाल श्रीवास को पांच लोगों ने लाठी-डंडों से जमकर पीट दिया। इस हमले में बाबूलाल को सिर और पैरों में गंभीर चोटें आई हैं। घटना की सूचना मिलते ही आसपास के लोगों ने डायल 112 पर सूचना दी। पुलिस की मदद से घायल बाबूलाल को तत्काल हरपालपुर अस्पताल पहुंचाया गया, लेकिन उनकी हालत गंभीर होने के कारण उन्हें जिला अस्पताल छतरपुर रेफर कर दिया गया। जहां उनका इलाज चल रहा है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार मारपीट करने वालों में छोटू श्रीवास, गुलाम श्रीवास, नत्थी श्रीवास, गनेशी श्रीवास और वर्षा श्रीवास शामिल हैं। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और आरोपियों की तलाश की जा रही है।

### छतरपुर साइबर सेल द्वारा साइबर फ्रॉड में प्रयुक्त 216 मोबाइल नंबर ब्लॉक

**छतरपुर।** पुलिस अधीक्षक अगम जैन के निर्देशन में छतरपुर साइबर सेल द्वारा साइबर अपराधियों के विरुद्ध लगातार प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में साइबर सेल द्वारा दिनांक 1 जनवरी 2026 से अब तक विभिन्न ऑनलाइन फ्रॉड, ओटीपी ठगी, फर्जी केवाईसी अपडेट, लोन ऐप फ्रॉड, सोशल मीडिया हैकिंग एवं अन्य साइबर अपराधों में प्रयुक्त कुल 216 मोबाइल नंबरों की पहचान कर उन्हें संबंधित दूरसंचार कंपनियों के माध्यम से ब्लॉक कराया गया है। इन मोबाइल नंबरों का उपयोग आम नागरिकों से धोखाधड़ी करने, बैंक खातों से अवैध लेन-देन कराने तथा डिजिटल माध्यमों से ठगी को अंजाम देने में किया जा रहा था। तकनीकि टीम द्वारा पोर्टल डेटा तथा अन्य डिजिटल साक्ष्यों के आधार पर इन नंबरों को चिन्हित किया गया। यह कार्रवाई साइबर अपराधियों की गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने में एवं आमजन को भविष्य में संभावित आर्थिक नुकसान से बचाने में सहायक है।

### आत्महत्या के लिए उकसाने के फरार आरोपी को गुजरात से किया गिरफ्तार



**छतरपुर।** थाना सिविल लाइन पुलिस ने न्याय पथ अभियान के तहत एक महत्वपूर्ण सफलता हासिल की है। वर्ष 2023 में दर्ज आत्महत्या के लिए उकसाने (धारा 306 आईपीसी) के मामले में फरार चल रहे आरोपी को गुजरात राज्य से गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस अधीक्षक अगम जैन के निर्देशन में जिला स्तर पर चलाए जा रहे न्याय पथ अभियान के अंतर्गत पुराने लंबित आपराधिक मामलों के फरार अपराधियों की तलाश और गिरफ्तारी पर विशेष जोर दिया जा रहा है। इसी क्रम में थाना सिविल लाइन क्षेत्र में 2023 में हुई एक महिला की मृत्यु की मर्ग जांच के बाद आत्महत्या के लिए उकसाने का अपराध पंजीबद्ध किया गया था। आरोपी लगातार फरार चल रहा था। थाना सिविल लाइन की पुलिस टीम ने सघन प्रयास और समन्वय के बाद आरोपी अनिल उर्फ अन्नू नागर पुत्र ठाकुर प्रसाद नागर, निवासी ग्राम देवीखेड़ा, थाना लवकुशनगर को गुजरात से सफलतापूर्वक गिरफ्तार कर लिया। इस कार्रवाई में नगर पुलिस अधीक्षक श्री अरुण कुमार सोनी के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश सिंह, उप निरीक्षक जितेंद्र सोनी, उप निरीक्षक वीरेंद्र परस्ते, प्रधान आरक्षक तुलसी मौर्य, उमेश तिवारी, आरक्षक धीरेंद्र राजावत, प्रशांत यादव एवं अन्य पुलिस टीम सदस्यों की सराहनीय भूमिका रही।

## पंचम दीक्षांत समारोह की हुई फुल एंड फाइनल रिहर्सल

# राज्यपाल की अध्यक्षता में एमसीबीयू में पंचम दीक्षांत समारोह आज

### 19 शोधार्थी डॉक्टरेट की उपाधि से होंगे विभूषित

**छतरपुर।** महाराज छत्रसाल बुंदेलखण्ड विश्वविद्यालय, छतरपुर का भव्य पांचवा दीक्षांत समारोह आज वसंत पंचमी के पावन अवसर पर शुक्रवार को शताब्दी हाल परिसर में पूर्वाह्न 11 बजे से राज्यपाल मंगु भाई पटेल की गरिमामयी अध्यक्षता में आयोजित होगा। अतिथि के रूप में अध्यक्ष, म.प्र. निजी विश्वविद्यालय विनियामक आयोग, प्रो खेमसिंह डहेरिया, वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री दिलीप अहिरवार एवं क्षेत्रीय विधायक श्रीमती ललिता यादव विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। गुरुवार को समारोह की फुल एंड फाइनल रिहर्सल कुलगुरु प्रो राकेश कुशवाह, रजिस्ट्रार यशवंत सिंह पटेल, दीक्षांत समारोह समन्वयक डा ममता बाजपेई की उपस्थिति में हुई।



मीडिया समिति सदस्य श्रीमती पूजा तिवारी एवं एनके पटेल के मुताबिक इस रिहर्सल में स्वर्ण पदक और उपाधियां प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों, शोध छात्रों, एनसीसी तथा एनएसएस के छात्र छात्राओं, संगीत विभाग के दल आदि ने अपने उम्दा कार्य की प्रस्तुति दी। 23 जनवरी 2026 को आयोजित दीक्षांत समारोह में यूनिवर्सिटी में अध्ययनरत सभी संकायों के छात्र-छात्राएं तथा शोधार्थी अपनी निर्धारित यूनिफार्म तथा परिचय पत्र के साथ ही 23 जनवरी को प्रातः 10 बजे कार्यक्रम स्थल पर सायकिल स्टैंड वाले छोटे गेट से प्रवेश करेंगे। सभी वाहनों की पार्किंग व्यवस्था सायकिल स्टैंड से वाणिज्य विभाग तक की गई हैं।

कार्यक्रम दीक्षांत शोभा यात्रा से प्रारंभ होगा। राष्ट्रगान,सरस्वती वंदना एवं कुलगान के पश्चात कुलगुरु प्रो राकेश कुशवाह स्वागत भाषण देंगे तथा विश्वविद्यालय की प्रगति आख्या प्रस्तुत करेंगे। दीक्षांत समारोह में 278 प्रतिभागियों को उपाधियां तथा इनमें से सर्वोच्च अंक पाने वाले 46 प्रतिभागियों को स्वर्ण पदक एवं 19 शोधार्थियों को डॉक्टरेट की उपाधि राज्यपाल मंगुभाई पटेल द्वारा प्रदान की जाएगी। इस अवसर पर उपाधिधारक शपथ ग्रहण करेंगे। मंचासीन अतिथि विश्वविद्यालय की स्मारिका दीक्षावाणी का विमोचन भी करेंगे। 22 जनवरी को सभी शोध छात्रों का उनके विभाग के शोध निदेशकों के साथ फोटो शूट किया गया। सभी स्वर्ण पदक प्राप्त उपाधिधारक एवं शोध छात्र अपनी निर्धारित सुंदर सजीली वेशभूषा में अत्यंत आकर्षक लग रहे थे।

कार्यक्रम के अध्यक्ष राज्यपाल मंगु भाई पटेल अपना अध्यक्षीय उद्बोधन देंगे। सारस्वत अतिथि डॉ खेमसिंह डहेरिया दीक्षांत उद्बोधन देंगे। जबलपुर से आमंत्रित पुलिस बैंड पार्टी राष्ट्रगान की मनोहारी प्रस्तुति देगी। जिला, पुलिस तथा नगरीय प्रशासन दीक्षांत समारोह के लिए अपना सहयोग प्रदान कर रहे हैं। कुलसचिव यशवंत सिंह पटेल ने यूनिवर्सिटी के पीजी कक्षाओं के सभी नियमित विद्यार्थियों से अपने संकाय की निर्धारित यूनिफार्म तथा आई कार्ड पहन कर दीक्षांत समारोह में अधिकतम संख्या में उपस्थित होने का आव्हान किया है। सभी आमंत्रित आगंतुकों से पूर्वाह्न 10:30 दस बजे तक अपना स्थान ग्रहण करने का अनुरोध यूनिवर्सिटी प्रशासन ने किया है।



## प्लॉट विवाद में भिड़ंतः लाठी-डंडों-बेसबॉल स्टिक से हुई मारपीट, 4 घायल

**छतरपुर। सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र में प्लॉट को लेकर दो पक्षों के बीच तेज विवाद हिंसक झड़प में बदल गया। दोनों पक्षों ने लाठी, डंडे और बेसबॉल के डंडों से एक-दूसरे पर जमकर हमला किया, जिसमें चार लोग घायल हो गए। घायलों में भइयनलाल ताम्रकार को मामूली चोटें आईं, जबकि निक्की ताम्रकार, अभिषेक ताम्रकार और दूसरे पक्ष के सुभाष पांडे गंभीर रूप से घायल हुए। इन सभी को छतरपुर जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज जारी है।**

यह घटना छोटी बगराजन क्षेत्र में मुकेश साहू के घर के पीछे हुई। जानकारी के अनुसार, विवाद प्लॉट/जमीन के मालिकाना हक को लेकर शुरू हुआ, जो बाद में मारपीट में बदल गया। घायल निक्की ताम्रकार निवासी तमरयाई मोहल्ला ने बताया कि उनका एक परिचित/कर्मचारी सुधीर पांडे मोहल्ले में गुंडागर्दी करता रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि पहले भी फैक्ट्री के दो-तीन लोगों पर हमला किया गया था। आज फिर 15-20 लोगों ने रॉड और बेसबॉल डंडे लेकर फैक्ट्री पर हमला कर दिया। उन्होंने कहा, आते ही मारना शुरू कर दिया। मेरे बड़े भाई अभिषेक ताम्रकार को मारा और फिर मुझे भी।

## युवक की संदिग्ध मौतः परिवार ने जताई की आशंका, एसपी को सौंपा ज्ञापन



छतरपुर। जिले के सिविल लाइन थाना क्षेत्र अंतर्गत कदारी इलाके में एक युवक का शव मिलने के बाद परिवार ने हत्या का आरोप लगाते हुए पुलिस पर मिलीभगत का भी संदेह जताया है। मृतक उत्कर्ष तिवारी उर्फ राज के पिता महेंद्र तिवारी सहित ग्रामीणों ने गुरूवार को एसपी कार्यालय में आवेदन देकर मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है। परिवार का कहना है कि यह पूर्व नियोजित हत्या है, जिसे आत्महत्या का रूप देने की कोशिश की गई। घटना 16 जनवरी 2026 की शाम की है, जब उत्कर्ष घर से मोटरसाइकिल लेकर निकला था। रात भर वापस न लौटने पर परिवार ने गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई। अगले दिन कादरी रेलवे पुल के पास शव मिला, जहां पैर की हड्डी टूटी हुई, पीठ, कान और सिर में चोटें थीं। परिवार के मुताबिक, उत्कर्ष की दोस्त अंशिका उर्फ आकांक्षा मिश्रा और उसके मामा के लड़के अमित शुक्ला ने साथियों के साथ मिलकर हत्या की। आकांक्षा से उत्कर्ष का रिश्ता था, लेकिन उसके परिवार को यह पसंद नहीं था। महेंद्र तिवारी ने आवेदन में बताया कि आकांक्षा ने फोन पर गुमराह करने वाली जानकारी दी और पुलिस आरोपियों से मिली हुई लग रही है। सीएसपी ने कहा कि पूरे मामले की जांच की जा रही है। ग्राम धमौरा के निवासी महेंद्र ने वरिष्ठ अधिकारियों से जांच कराने की मांग की है।

## बुंदेलखंड ब्राह्मण सेना ने प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति को सौंपा ज्ञापन

### माघ मेला में शंकराचार्य के साथ दुर्व्यवहार पर कड़ी कार्रवाई की मांग

छतरपुर। प्रयागराज के माघ मेले में ज्योतिषपीठाधीश्वर पूज्यपाद शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती जी महाराज के साथ कथित दुव्यवहार और उनके बटुक शिष्यों तथा वृद्ध संन्यासियों पर हुए मारपीट के विरोध में बुंदेलखंड ब्राह्मण सेना ने बड़ा कदम उठाया है। संगठन ने इस घटना को सनातन धर्म की परंपराओं पर गहरा आघात बताते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के नाम एक ज्ञापन जिला कलेक्टर छतरपुर को सौंपा है।

ज्ञापन में बुंदेलखंड ब्राह्मण सेना ने मौनी अमावस्या के मुख्य स्नान पर्व पर संगम तट पर हुई इस घटना को अत्यंत निंदनीय और दुर्भाग्यपूर्ण करार दिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि मेला प्रशासन ने सनातन धर्म ध्वजवाहक शंकराचार्य जी को संगम स्नान से रोका, उनके शिष्यों की शिखा पकड़कर मारपीट की गई, अपमानजनक व्यवहार किया गया और बल प्रयोग किया गया। यह कार्य धार्मिक स्वतंत्रता, मानवाधिकारों और भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों का घोर उल्लंघन है, जिससे करोड़ों सनातन धर्मावलंबियों की आस्था को ठेस पहुंची है। ज्ञापन में कहा गया है कि माघ मेला जैसे पवित्र आयोजन में साधु-संतों का सदैव सम्मान रहा है, लेकिन इस बार प्रशासन की असंवेदनशीलता और धार्मिक असहिष्णुता सामने आई। यदि शीघ्र कठोर कार्रवाई नहीं हुई तो समाज में व्यापक आक्रोश फैल सकता है। बुंदेलखंड ब्राह्मण सेना ने ज्ञापन के माध्यम से मांग की है कि घटना की उच्चस्तरीय न्यायिक निष्पक्ष जांच कराई जाए। दोषी अधिकारियों/कर्मचारियों के खिलाफ कठोर दंडात्मक कार्यवाही की जाए। भविष्य में साधु-संतों, धर्माचार्यों और उनके शिष्यों की सुरक्षा एवं सम्मान सुनिश्चित करने हेतु स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी किए जाएं। मेला प्रशासन पूज्य शंकराचार्य जी एवं उनके शिष्यों से सार्वजनिक रूप से क्षमा याचना कर उनकी प्रतिष्ठा बहाल करे। संगठन ने पूर्ण विश्वास जताया कि प्रधानमंत्री इस गंभीर मुद्दे पर संज्ञान लेकर सनातन परंपराओं की गरिमा और आस्था की रक्षा करेंगे।



## किशोरी की संदिग्ध मौतः परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप



**छतरपुर।** छतरपुर जिले के सटई थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कसार से एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। गांव के लोगों और पीड़ित परिजनों ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर शिकायती आवेदन सौंपा है। परिजनों का आरोप है कि उनकी किशोरी बेटी की हत्या कर शव को फांसी पर लटका दिया गया, ताकि मामले को आत्महत्या का रूप दिया जा सके। परिजनों ने पुलिस पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि घटना की निष्पक्ष और गहन जांच नहीं की जा रही है। उन्होंने पुलिस अधीक्षक से पूरे मामले की उच्चस्तरीय जांच कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। फिलहाल पुलिस ने आवेदन के आधार पर जांच का भरोसा दिलाया है। परिजन और ग्रामीण इस घटना को बेहद संवेदनशील मानते हुए न्याय की गुहार लगा रहे हैं। मामले की जांच आगे बढन्ने पर और तथ्य सामने आ सकते हैं।

## शिवसेना की हिंदू गर्जना रैली आज

**छतरपुर।** शिवसेना प्रमुख बालासाहेब ठाकरे की जन्म शताब्दी के अवसर पर 23 जनवरी को छतरपुर में भव्य हिंदू गर्जना रैली का आयोजन किया जाएगा। यह रैली शिवसेना जिला प्रमुख मुन्ना तिवारी के नेतृत्व में निकाली जाएगी। रैली गायत्री मंदिर से प्रारंभ होकर शहर के प्रमुख मार्गों से गुजरते हुए संत शरीर आश्रम स्थित अटल सभागार में संपन्न होगी। इसमें बड़ी संख्या में शिवसैनिकों शामिल होंगे।

## कोटा गांव हत्याकांड में आरोपी परिवार ने एसपी कार्यालय में दिया ज्ञापन, निष्पक्ष जांच की मांग



**छतरपुर। जिले के राजनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कोटा में 29 दिसंबर 2025 को संतोष पटेल की गोली मारकर हत्या के मामले में नया मोड़ आया है। आरोपी पक्ष के परिवार ने आज एसपी कार्यालय में ज्ञापन सौंपा है, जिसमें उन्होंने आरोप लगाया है कि उन्हें झूठा फंसाया जा रहा है और मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए।**

रणधीर सिंह ने एसपी को दिए ज्ञापन में कहा कि घटना के समय वे जेल में बंद थे। उनका नाम मृतक संतोष पटेल के भाई द्वारा एफआईआर में झूठा लिखवाया गया है। वहीं अधिवक्ता रवि पाण्डेय ने बताया रणधीर सिंह की जमानत के दौरान उनका पुत्र नीरेन्द्र अदालत में मौजूद था, जबकि दूसरा पुत्र सत्यम राजा राजनगर में था। दोनों ही घटनास्थल पर मौजूद नहीं थे। रणधीर सिंह ने आगे कहा, हमारे परिवार को पुरानी बुराई के चलते जबरन फंसाया जा रहा है। संतोष पटेल के घर पर सीसीटीवी कैमरे लगे हुए हैं, लेकिन पुलिस ने अभी तक डीवीआर जब्त नहीं किया है। हम निष्पक्ष जांच चाहते हैं ताकि सच्चाई सामने आए और हमें न्याय मिले।

## अचानक बंदरों की संख्या में हुई वृद्धि

# रिहायशी क्षेत्र में बंदरों का आतंक नागरिकों ने लगाई सुरक्षा की गुहार

**गढ़ीमलहरा।** नगर के घनी आबादी वाले रिहायशी इलाकों में बंदरों की बढ़ती संख्या ने आमजन का जीवन संकट में डाल दिया है। बीच शहर में अचानक बंदरों की संख्या में हुई वृद्धि से लोगों का जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। स्थानीय निवासी रोजाना इस समस्या से जूझ रहे हैं और अब उन्होंने नगर पालिका से तत्काल कार्रवाई की मांग की है। नागरिकों के अनुसार बंदर घरों की छतों पर रखी पानी की टंकियों को उखाड़ फेंकते हैं, बिजली के तारों को नुकसान पहुंचाते हैं और अन्य घरेलू सामान को बर्बाद कर देते हैं। कई बार तो वे बच्चों और बुजुर्गों पर हमला करने की कोशिश भी करते हैं, जिससे पूरे क्षेत्र में भय का माहौल बना हुआ है। लोग बताते हैं कि यह समस्या अब केवल असुविधा की नहीं रही, बल्कि यह जन-सुरक्षा से जुड़ा गंभीर खतरा बन चुकी है।

क्षेत्रवासियों का कहना है कि यदि समय रहते इन बंदरों को पकड़कर किसी सुरक्षित वन क्षेत्र या उपयुक्त स्थान पर स्थानांतरित नहीं किया गया, तो कोई बड़ी दुर्घटना होने की आशंका बनी हुई है। इस संबंध में परेशान नागरिकों ने नगर परिषद अधिकारियों को ऑनलाइन आवेदन देकर शीघ्र कार्रवाई की गुहार लगाई है।आवेदन में स्पष्ट रूप से उल्लेख किया गया है कि बंदरों का यह आतंक अब केवल परेशानी नहीं, बल्कि लोगों की जान-माल की सुरक्षा का मामला है। निवासियों ने नगर प्रशासन से आग्रह किया है

### अवैध हथियारों सहित दो आरोपी गिरफ्तार

**छतरपुर।** थाना प्रकाश बम्हौरी पुलिस ने रात्रि कॉम्बिंग गश्त और क्षेत्र भ्रमण के दौरान दो आरोपियों को अवैध देशी कट्टा एवं कारतूस सहित गिरफ्तार किया है। पुलिस द्वारा अवैध हथियारों के विरुद्ध निरंतर सख्त कार्रवाई की जा रही है, जिसमें हथियारों के स्रोतों की जानकारी जुटाकर संलिप्त अपराधियों की धरपकड़ की जा रही है।

पुलिस को रात्रि कॉम्बिंग गश्त के दौरान क्रेशर पुलिया के पास अवैध हथियार सहित संदिग्ध व्यक्ति की सूचना मिली। टीम तुरंत मौके पर पहुंची और संदिग्ध को पकड़ लिया। तलाशी में उसके पास से 12 बोर का एक अवैध देशी कट्टा एवं कारतूस बरामद हुए। आरोपी की पहचान शिवम बाजपेई पुत्र रामचंद्र बाजपेई, निवासी बढ़ौरा कला के रूप में हुई।

इसी तरह क्षेत्र भ्रमण के दौरान बारीगढ़ रोड पुलिया के पास आरोपी अजय तिवारी पुत्र शिवप्रसाद तिवारी, निवासी ग्राम मुड़हरा को 315 बोर का अवैध देशी कट्टा सहित गिरफ्तार किया गया। अजय तिवारी पहले से अवैध हथियार निर्माण फैक्ट्री, अवैध हथियार रखने तथा मारपीट के कुल 3 अपराधों में लिप्त है। दोनों आरोपियों के विरुद्ध आयुध अधिनियम के तहत अलग-अलग अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू की गई है। अभियुक्तों को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

उक्त कार्रवाई में थाना प्रभारी प्रकाश बम्हौरी उप निरीक्षक सुमित सुमन, प्रधान आरक्षक पवन, हल्के प्रसाद, आरक्षक गुमान, अश्वनी, छोटेलाल एवं पूरी टीम की सराहनीय भूमिका रही।

## पारंपरिक लोक नृत्य,संगीत और नाट्य कला के अद्वितीय संगम को दर्शकों ने सराहा

# बुंदेली भाषा में रामायण के भरत मिलाप प्रसंग की हुई शानदार प्रस्तुति

**खजुराहो।**

दक्षिण मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र नागपुर, संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार के खजुराहो के शिल्पग्राम मुक्ताकाशी मंच पर आंध्रप्रदेश के प्रसिद्ध चमड़े की कठपुतली कला के थोलुबोम्मलाटा की शानदार प्रस्तुति दी गई, जिसे दर्शकों ने सराहा इसके बाद मध्यप्रदेश के बुंदेलखंड की बुंदेली भाषा में रामायण के भरत मिलाप प्रसंग की शानदार प्रस्तुति ने दर्शकों का मन मोह लिया। दक्षिण मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र नागपुर महाराष्ट्र के खजुराहो स्थित शिल्पग्राम के मुक्ताकाशी मंच पर कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि मध्यप्रदेश सरकार के निर्वाचन आयुक्त तथा संस्कृति मंत्रालय के पूर्व प्रमुख सचिव मनोज कुमार श्रीवास्तव ने दक्षिण मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र नागपुर भारत सरकार की निदेशक आस्था कार्लेकर की मौजूदगी में द्वीप प्रज्वलन करके किया और मंच से कलाकारों और अतिथियों का शॉल श्रीफल से स्वागत किया गया।



इस मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष गौरव सिंह बघेल,खजुराहो नप अध्यक्ष अरुण पप्पू अवस्थी, उपाध्यक्ष प्रतिनिधि आशाराम पाल, शिल्पग्राम के भूपेन्द्र सिंह, कलाकार राजेन्द्र सिंह सेंगर, सितार वादक शुक्ला सहित लोग शामिल रहे। कार्यक्रम का संचालन राजू सिंह चौहान ने किया। गौरतलब है कि दिनांक 6 से 20 जनवरी 2026 के दौरान शिल्पग्राम परिसर में रामायण-आधारित लोक नाट्य संगीत की लय से लेकर पृष्ठभूमि तक लोकनृत्य की मंच कला कार्यशाला का आयोजन किया गया था।

उक्त कार्यशाला में 30-35 स्थानीय कलाकारों ने भाग लिया जिसका उद्देश्य रामायण-आधारित लोक एवं जनजातीय प्रदर्शन परंपराओं का विकास एवं प्रस्तुतीकरण करके प्रतिभागियों को नाट्य रूपांतरण, संगीत, नृत्य और मंचीय प्रस्तुति की बारीकियों का प्रशिक्षण दिया गया जिसे शामिल कलाकारों ने मंच पर बखूबी निभाया।

आज हुई प्रस्तुतियों में रामायण-आधारित लोक नाट्य रूपों के चित्रण प्रदर्शन ने दर्शकों को पारंपरिक लोक नृत्य, संगीत और नाट्य कला का अद्वितीय संगम देखने मिला कार्यशाला एवं प्रस्तुतियों का मार्गदर्शन लोकेन्द्र त्रिवेदी (विशेषज्ञ) एवं श्रीमती निशा त्रिवेदी (सहायक) द्वारा किया गया। केन्द्र की निदेशक आस्था कार्लेकर ने बताया कि इस तरह के कार्यक्रम कलाकारों को अपनी प्रतिभा निखारने का अवसर प्रदान करते हैं साथ ही दर्शकों को भारतीय लोक परंपराओं और रामायण की सांस्कृतिक गाथा से जोडन्ने का माध्यम भी बनते हैं।

## ग्राम कैंडी में अखंड रामायण पाठ का भव्य आयोजन



**छतरपुर।** अयोध्या में श्री राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के पावन अवसर की दूसरी वर्षगांठ आज पूरे देश में उत्साह और भक्ति के साथ मनाई जा रही है। इसी उपलक्ष्य में मध्य प्रदेश के छतरपुर जिले के ग्राम कैंडी में हनुमान मंदिर परिसर में ग्रामवासियों द्वारा अखंड रामायण पाठ का भव्य आयोजन किया गया। यह धार्मिक आयोजन 21 जनवरी को शुरू हुआ, जिसमें ग्राम के सभी निवासियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। अखंड पाठ के दौरान रामचरितमानस की चौपाइयों का सामूहिक पाठ किया गया, जिससे पूरा गांव भक्ति की दिव्य छटा में डूब गया। पाठ के साथ भजन-कीर्तन और आरती भी हुई, जिसने वातावरण को और अधिक पवित्र बना दिया। ग्रामवासियों ने बताया कि यह आयोजन अयोध्या राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा (22 जनवरी 2024) की याद में आयोजित किया गया है, ताकि भगवान श्री राम के प्रति अपनी श्रद्धा और समर्पण व्यक्त किया जा सके। पाठ के दौरान प्रसाद वितरण और भंडारे का भी आयोजन किया गया, जिसमें दूर-दूर से आए श्रद्धालुओं ने भाग लिया।

**खबर संक्षेप**

## संकल्प से समाधान अभियान में अब तक 19724 आवेदन पत्र दर्ज अभियान में आमजनों के 8286 आवेदन पत्र मंजूर

रीवा । आमजनता के आवेदन पत्रों का निराकरण करने तथा विकास योजनाओं की पात्रता के अनुसार आवेदन पत्र भरवाने के लिए संकल्प से समाधान अभियान चलाया जा रहा है। जिले भर में यह अभियान 12 जनवरी से 31 मार्च तक चार चरणों में चलाया जा रहा है। अभियान के प्रथम चरण में नगरीय निकायों तथा ग्राम पंचायतों में शिविर लगाकर आमजनता से आवेदन पत्र प्राप्त किए जा रहे हैं। इस संबंध में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने बताया कि अब तक संकल्प से समाधान शिविरों में आमजनता से 19724 आवेदन पत्र प्राप्त हुए हैं। इनमें से 8286 आवेदन पत्रों को मंजूर किया गया है। ग्रामीण क्षेत्र में लगाए जा रहे शिविरों में विकासखण्ड जवा में 1916, विकासखण्ड रीवा में 4096, विकासखण्ड सिरमौर में 3448, विकासखण्ड गंगेव में 5170, विकासखण्ड त्योंथर में 2487 तथा विकासखण्ड रायपुर कर्चुलियान में 982 आवदेन पत्र दर्ज हुए हैं।

# पीएम के लिए करना पड़ता है लंबा इंतजार

**पुलिस का इंतजार परिजनों को दे रही पीड़ा,अंतिम संस्कार में होती है देरी, सरकारी प्रक्रिया बेहद लंबी होने की वजह से बन रही समस्या**

रीवा

**पीएम कराने में लग रहा दो से तीन दिनो का वक्त**

अस्पतालों में शव का पोस्टमार्टम कराने के लिए मृतक के परिजनों को दो से तीन दिनों तक का इंतजार करना पड़ रहा है जिसकी प्रमुख वजह यह है कि अब इसकी प्रक्रिया को इतना जटिल बना दिया गया है कि बिना संबंधित थाना की पुलिस की उपस्थित में पीएम करा पाना संभव ही नहीं हो पा रहा है ऐसे में लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। यही स्थित संजय गांधी अस्पताल के चीरघर की है यहां पर पोस्टमार्टम के लिए पुलिस का लम्बा इंतजार करना पड़ता है। पुलिस के देर से पहुंचने के कारण पोस्टमार्टम समय पर नहीं हो पाता और कई बार अंतिम संस्कार तीसरे दिन हो पाता है। स्थिति इतनीगंभीर हो जाती है कि परिजनों के घरों में चूल्हे तक नहीं जलते क्योंकि परंपरा अनुसार अंतिम संस्कार के बिना भोजन नहीं होता। बताया गया है कि मौजूदा सरकारी प्रक्रिया बेहद लंबी है। एक शव के लिए यह पूरी प्रक्रिया कई घंटे ले लेती है। मान लीजिए यदि शाम को शव मर्च्युरी में पहुंचता है, लेकिन पीएम अगले दिन होना होता है। सूचना के बाद पुलिस अक्सर दोपहर 12 बजे के बाद अस्पताल चौकी पहुंचती है। पंचनामा बनाने में ही लगभग 2 घंटे लग जाते हैं। इसके बाद पुलिस मेडिकल कॉलेज के फोरेसिक विभाग पहुंचती है, जहां पूरे केस को ऑनलाइन अपलोड किया जाता है। फिर संबंधित थाना सीसीटीएनएस करता है। उसके बाद ही पीएमपोर्टल में ऑनलाइन किया जाता है। इस कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम शुरू होता है।पारदर्शिता के लिए हाईकोर्ट ने बनाई व्यवस्थाहाईकोर्ट ने निर्देश दिया है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट बनने के बाद संबंधित थाना उसे ऑनलाइन अपलोड करे। ताकि परिजन भी रिपोर्ट आसानी से प्राप्त कर सकें। लेकिन यहां पारदर्शिता बड़ी है लेकिन समय से पोस्टमार्टम न होने की समस्या बढ़ गई है।यह बनी नई व्यवस्थानई व्यवस्था के तहत 35 किलोमीटर दूर स्थित बानों की पुलिस को खुद आना होता है। सूचना देरी से पहुंचती है पुलिस समय पर नहीं पहुंच पाती। इस वजह से आम लोगों को अनावश्यक परेशानियां झेलनी पड़ती है। बता दे कि वर्ष 2020 से पूर्व या सिस्टम इतना जटिल नहीं था। तब अस्पताल चौकी




में ही कार्रवाई कर जीरो में मामला दर्ज कर तकनीकी प्रक्रिया पूरी कर ली जाती थी। संबंधित थाने को सूचना बाद में भेज दी जाती थी जिससे पोस्टमार्टम समय पर हो जाता था।प्रतिदिन 10 से 12 पोस्टमार्टमएसजीएमएच परिसर में स्थित इस चीरधर में प्रतिदिन 8 से 10 पोस्टमार्टम किए जाते हैं। जिसमें मेडिकल कॉलेज के 4 विशेषज्ञ पीजी छात्र एवं आकस्मिक चिकित्सा विभाग के चिकित्सक ड्यूटी पर लगाए जाते हैं। एक शव के पोस्टमार्टम डेढ़ से दो घंटे का समय लगता है। मेडिकल कॉलेज की टीम भारी दबाव में यह टीम काम तो कर रही है। लेकिन सिस्टम की धीमी प्रक्रियाएं इनके काम को भी प्रभावित करती हैं।सुधार की आवश्यकताधानों को समयबद्ध सूचना प्रणाली अस्पताल से सूचना सीधे थाना प्रभारी के मोबाइल पर ऑटो अलर्ट के रूप में जाए। पुरानी व्यवस्था को संशोधित कर इजरजेंसी में वापस लागू किया जाए। जहां पोस्टमार्टम कार्रवाई अस्पताल चौकी में ही शुरू की जा सके। पोस्टमार्टम का इमरजेंसी स्लॉट, दूरस्थ स्थानों से आने वाली पुलिस या देर से आए मामलों के लिए विशेष इमरजेंसी स्लॉट तय हों।



# संकल्प से समाधान अभियान में लगाए जा रहे शिविर

रीवा

आमजनता के आवेदन पत्रों के निराकरण तथा विकास योजनाओं से लाभान्वित करने के लिए संकल्प से समाधान शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। जिले भर में 12 जनवरी से 31 मार्च तक चार चरणों में शिविर लगाए जा रहे हैं। इस संबंध में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मेहताब सिंह गुर्जर ने बताया कि 22 जनवरी को ग्राम पंचायत मोहरवा 482, ग्राम पंचायत अंजोरा, जमुई कला, ग्राम पंचायत सरई कला तथा ग्राम पंचायत देवहटा में शिविर लगाए गए। जनपद पंचायत गंगेव में ग्राम पंचायत अमहा, लोटनी तथा खड्डा में भी शिविर लगाए गए। इन शिविरों में नोडल अधिकारियों द्वारा आमजनता से विभिन्न योजनाओं के आवेदन पत्र भरवाए गए। साथ ही शासन की सभी प्रमुख योजनाओं और कार्यक्रमों की जानकारी आमजनता को दी गई। शिविर में खाद्यान्न पर्ची वृद्धावस्था तथा सामाजिक सुरक्षा पेंशन, बीपीएल सूची में नाम शामिल करने, आयुष्मान कार्ड, लाड़ली बहना योजना, उद्यम क्रांति योजना तथा अन्य योजनाओं के आवेदन पत्र प्राप्त हो रहे हैं। इन आवेदन पत्रों का लगातार निराकरण भी किया जा रहा है।

# गैरहाजिरी की अनुशंसा के बाद भी नहीं हुई कार्रवाई, मामला शिक्षा विभाग का

**दोषी को संरक्षण,संकुल प्राचार्य के बेटे अतिथि शिक्षक को बचाने का आरोप, तीन माह बाद भी कार्यवाही शून्य**




रीवा। मऊगंज जिले के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रामपुर, विकासखंड नईगढ़ी में अतिथि शिक्षक व्यवस्था को लेकर सामने आई गंभीर अनियमितता अब शिक्षा विभाग की कार्यप्रणाली पर बड़ा सवाल खड़ा कर रही है। शिकायत, जांच, प्रतिवेदन और स्पष्ट अनुशंसा के बावजूद तीन माह बीत जाने के बाद भी दोषी अतिथि शिक्षक के विरुद्ध कोई कार्रवाई नहीं होना विभागीय संरक्षण और प्रभाव के आरोपों को हवा दे रहा है। बता दे ग्राम/पोस्ट रामपुर निवासी धीरेन्द्र सिंह ने दिनांक 19 अगस्त 2025 को विकासखंड शिक्षा अधिकारी (बीईओ) नईगढ़ी के समक्ष लिखित शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में आरोप लगाया गया था कि संकुल प्राचार्य रामसुमेर साकेत के पुत्र रामजियावन साकेत को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रामपुर में अतिथि शिक्षक वर्ग-2 (सामाजिक विज्ञान) के पद पर नियुक्त किया गया है, जबकि वे नियमित रूप से विद्यालय में उपस्थित नहीं रहते। शिकायत को गंभीर मानते हुए विभाग द्वारा तीन सदस्यीय जांच दल गठित किया गया। जांच के दौरान अतिथि शिक्षक उपस्थिति पंजी, छात्रों के कथन तथा विद्यालय प्राचार्य के अभिकथन लिए गए। जांच प्रतिवेदन में स्पष्ट किया गया कि रामजियावन साकेत की ऑनलाइन नियुक्ति अतिथि शिक्षक वर्ग-2 सामाजिक विज्ञान के पद पर हुई। वे 02 जुलाई 2025 को पहली बार विद्यालय में उपस्थित हुए।जुलाई 2025 में उनकी उपस्थिति मात्र 06 दिन पाई गई। 30 जुलाई 2025 से 20 अगस्त 2025 तक वे लगातार विद्यालय से अनुपस्थित रहे। जांच दिनांक 21 अगस्त 2025 तक अगस्त माह में वे एक भी दिन उपस्थित नहीं पाए गए। जांच के दौरान शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रामपुर के प्राचार्य विजय कुमार साकेत ने पंचनामा प्रस्तुत करते हुए लिखित रूप में स्वीकार किया कि रामजियावन साकेत भौतिक रूप से चलने-फिरने एवं उठने-बैठने में असमर्थ हैं और वे लकवा ग्रसित हैं। वही जांच दल ने अपने निष्कर्ष में स्पष्ट रूप से कहा कि छात्र हित को ध्यान में रखते हुए रामजियावन साकेत की अतिथि शिक्षक व्यवस्था समाप्त किया जाना उचित है। इस प्रतिवेदन के साथ बीईओ नईगढ़ी ने दिनांक 03 सितंबर 2025 को समस्त अभिलेख और अपनी अनुशंसा जिला शिक्षा अधिकारी (डीईओ) रीवा को भेज दी।तीन माह बाद भी कार्रवाई नहीं, संरक्षण के आरोपचौंकाने वाली बात यह है कि स्पष्ट जांच रिपोर्ट और अनुशंसा के बावजूद आज तक न तो अतिथि शिक्षक को हटाया गया है और न ही कोई विभागीय आदेश जारी हुआ है। स्थानीय लोगों और शिकायतकर्ता का आरोप है कि आरोपी अतिथि शिक्षक के पिता स्वयं संकुल प्राचार्य होने के कारण पूरे मामले को दबाया जा रहा है। छात्र महीनों से विषय शिक्षक के बिना पढ़ाई करने को मजबूर हैं, जबकि जांच में दोष सिद्ध होने के बावजूद कार्रवाई न होना शिक्षा विभाग की निष्क्रियता और कथित पक्षपात को उजागर करता है।इनका कहना है मामला संज्ञान में आया है, बीईओ नईगढ़ी से बात हुई है अतिथि शिक्षक लगवा ग्रसित थे जांच प्रतिवेदन आया है जानकारी प्राप्त हुई है कि अब वो स्कूल आ रहे हैं, आगे की व्यवस्था बीईओ नईगढ़ी से बातकर बनाई जाएगी, दोषी पर कार्रवाई होगी।रामराज मिश्रा जिला शिक्षा अधिकारी रीवा।

# उप मुख्यमंत्री ने हिनौती गौधाम का किया निरीक्षण निर्माण कार्यों को तत्परता से पूरा कराएं





रीवा । उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने गंगेव विकासखण्ड में हिनौती गौधाम का निरीक्षण किया। उप मुख्यमंत्री ने मौके पर उपस्थित अधिकारियों से निर्माण कार्यों की प्रगति की जानकारी ली। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि निर्माणाधीन रेस्टहाउस का शेष कार्य 15 फरवरी तक पूरा कराकर इसका लोकार्पण कराएं। हिनौती गौधाम के बाउन्ड्रीवॉल का निर्माण कार्य स्वीकृत कर दिया गया है। ग्राम पंचायत इसका तत्काल निर्माण कार्य शुरू कराए। एसडीएम सिरमौर निर्माण कार्यों के संबंध में आवश्यक प्रशासकीय तथा तकनीकी स्वीकृति जारी कराएं। रेस्टहाउस के समीप बनाई जा रही नवीन गौशाला तथा दो पुरानी गौशालाओं में सुधार करके गौवंश रखने की व्यवस्था करें। अन्य गौशालाओं का निर्माण कार्य भी तेजी से पूरा कराएं। उप मुख्यमंत्री ने गौशाला के भ्रमण के दौरान गौमाता का पूजन किया तथा गुड़ और चना खिलाया। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि हिनौती गौधाम में गौवंश को रखने के लिए 34 गौशालाएं बनाई जानी हैं। इनमें से 47 हेक्टेयर क्षेत्र में निजी पूंजी निवेश के माध्यम से गौशालाओं का निर्माण कराया जाएगा। इसके लिए भूमि का चिन्हांकन कर दें। एसडीएम गौशाला के पूरे क्षेत्र का सीमांकन कराकर सीमा चिन्ह लगवाएं, जिससे निजी और शासकीय भूमि में किसी भी तरह का विवाद न रहे। हिनौती गौधाम को मॉडल गौशाला के रूप में विकसित किया जा रहा है। इसमें दो एकड़ जमीन प्राकृतिक खेती के लिए भी निर्धारित करें। गौशाला के विकास का मास्टर प्लान बनाकर उसे प्रदर्शित कराएं, जिससे विकास कार्यों की पूरी जानकारी मिल सके। मौके पर उपस्थित एसडीएम सिरमौर दृष्टि जायसवाल ने गौधाम में चल रहे निर्माण कार्यों की जानकारी दी। इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष गंगेव विकास तिवारी, स्थानीय जनप्रतिनिधिगण तथा अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।



# ग्रामोदय से अभ्युदय मध्यप्रदेश कार्यक्रम टीआरएस कालेज में आयोजित

रीवा ।

मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा टीआरएस कालेज रीवा में ग्रामोदय से अभ्युदय मध्यप्रदेश कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष नीता कोल ने दीप प्रज्ज्वलन से किया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि ग्रामोदय से अभ्युदय मध्यप्रदेश कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य सामाजिक समरसता तथा पर्यावरण संरक्षण के साथ प्रदेश का विकास करना है। हमें आर्थिक विकास के साथ-साथ सामाजिक विकास पर भी ध्यान देना आवश्यक है। हमारी अर्थव्यवस्था अभी भी कृषि और गावं पर निर्भर है। गावं का विकास होगा तभी प्रदेश का विकास संभव है। हमें गावं को नशामुक्त बनाने के लिए भी प्रयास करना आवश्यक है। नशा विकास की सबसे बड़ी बाधा है। कार्यक्रम अध्यक्षता करते हुए जन अभियान परिषद के शासी निकाय सदस्य श्री कृष्णकांत द्विवेदी ने कहा कि समाज के संकल्प और सहभागिता से ही ग्राम उदय होगा। गावं का विकास समग्र रूप से किया जाना आवश्यक है। स्वामी विवेकानंद के जीवन और विचारों से प्रेरणा लेकर आज के युवाओं को समाज और राष्ट्र निर्माण में भागीदारी निभानी आवश्यक है। युवा ऊर्जा का सागर है। अपने कॅरियर के निर्माण के साथ-साथ हर युवा सामाजिक कार्यों और गावं के विकास में योगदान दे। कार्यक्रम में संभागीय समन्वयक प्रवीण पाठक ने कहा कि इस अभियान के माध्यम से स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग, शिक्षा एवं संस्कार, नशामुक्त समाज, सामाजिक समरसता और गौसेवा तथा गौ संरक्षण का संदेश दिया जा रहा है। कार्यक्रम में टीआरएस कालेज के जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष तथ पूर्व महापौर राजेन्द्र ताम्रकार ने भी अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का संचालन विकासखण्ड समन्वयक जन अभियान परिषद अमित अवस्थी ने किया। कार्यक्रम में उपस्थितों को नशामुक्ति की शपथ दिलाई गई।

# उप मुख्यमंत्री आज करेंगे जबलपुर और कटनी का दौरा

रीवा।

उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल 23 जनवरी को सुबह 7 बजे रीवा से कार द्वारा प्रस्थान कर सुबह 10 बजे जबलपुर पहुंचेंगे। उप मुख्यमंत्री जबलपुर में केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा रसायन उर्वरक मंत्री श्री जगतप्रकाश नड्डा के साथ सिद्धिबाला बोस लाइब्रोरी एसोसिएशन के शताब्दी समारोह में शामिल होंगे। उप मुख्यमंत्री दोपहर 12.50 बजे जबलपुर एयरपोर्ट पहुंचकर केन्द्रीय मंत्री जगतप्रकाश नड्डा के साथ हेलीकाप्टर से प्रस्थान कर दोपहर 1.30 बजे कटनी पहुंचेंगे तथा होम ग्राउण्ड में आयोजित मेडिकल कालेज कटनी के शिलान्यास समारोह में शामिल होंगे।

## एक सप्ताह में 70 से अधिक शिकायतों का निराकरण, 40 से अधिक लीकेज व मरम्मत कार्य महापौर ने जलप्रदाय की साप्ताहिक समीक्षा ली बैठक

रीवा।



शहरवासियों को स्वच्छ, सुरक्षित एवं निर्बाध पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से नगर पालिक निगम रीवा द्वारा दूषित पानी की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए सतत कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में आज महापौर अजय मिश्रा 'बाबा' ने जलप्रदाय व्यवस्था की साप्ताहिक समीक्षा बैठक ली। बैठक में बीते एक सप्ताह के दौरान निगम द्वारा की गई समस्त कार्यवाहियों की विस्तार से समीक्षा की गई। महापौर ने दूषित पानी की शिकायतों, पाइपलाइन लीकेज सुधार एवं पाइपलाइन शिफ्टिंग से संबंधित कार्यों की जानकारी निगम अधिकारियों से ली तथा निर्देश दिए कि नागरिकों को किसी भी स्थिति में असुरक्षित जल न मिले, यह निगम की सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। इस दौरान अधिकारियों द्वारा अवगत कराया गया कि विगत एक सप्ताह में निगम की जलप्रदाय टास्क फोर्स टीम अलर्ट मोड पर रहते हुए 70 से अधिक शिकायतों का निराकरण किया गया है। साथ ही विभिन्न क्षेत्रों में 40 से अधिक लीकेज चिन्हित कर जेसीबी मशीन के माध्यम से खुदाई करते हुए पाइपलाइन मरम्मत एवं लीकेज सुधार के कार्य किए गए। बैठक के दौरान महापौर ने निर्देश दिए कि जिन वार्डों में गंदे पानी की समस्या सामने आ रही है, वहां तत्काल सुधार कार्य कराया जाए तथा जलप्रदाय से संबंधित शिकायतों पर त्वरित प्रतिक्रिया सुनिश्चित की जाए। उन्होंने समाचार पत्रों में प्रकाशित जलप्रदाय से जुड़ी खबरों का संज्ञान लेकर उनके निराकरण के निर्देश दिए। महापौर ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया कि शहर के सभी वार्डों में स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित की जाए तथा जल की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाए। सीवरेज कार्यों की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि जहां-जहां सीवरेज कार्य पूर्ण हो चुका है, वहां रेस्टोरेशन कर सड़कों को मोटरेबल बनाया जाए तथा रेस्टोरेशन की गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए। बैठक में कार्यपालन यंत्री सिद्धार्थ सिंह, सहायक यंत्री एसएन द्विवेदी, सीवर एवं सीएमआर कंपनी के प्रतिनिधि सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# गणतंत्र दिवस में विशेष ग्राम सभाओं का होगा आयोजन

रीवा

आगामी गणतंत्र दिवस के अवसर पर ग्राम पंचायतों में विशेष ग्राम सभाओं का चरणबद्ध आयोजन किया जाएगा। इस संबंध में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मेहताब सिंह गुर्जर ने बताया कि जिले में 24 जनवरी से 28 जनवरी तक ग्राम पंचायतों में विशेष ग्राम सभाएं आयोजित की जा रही हैं। इसके लिए नोडल अधिकारी तैनात कर दिए गए हैं। विशेष ग्राम सभाओं में संकल्प से समाधान अभियान की प्रगति की जानकारी आमजनता को दी जाएगी। ग्राम सभा में पंचायत की आय बढ़ाने, ई कोर्ट की स्थापना, नलजल योजनाओं की प्रगति तथा पेयजल व्यवस्था, निर्माण कार्यों की प्रगति तथा नवकरणीय ऊर्जा को बढ़ावा देने के संबंध में प्रस्ताव रखे जाएंगे। मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने बताया कि विशेष ग्राम सभा में स्वच्छ भारत मिशन, प्रधानमंत्री पोषण शक्ति योजना, एक बगिया माँ के नाम योजना, जॉब कार्ड अपडेशन, महिला स्वसहायता समूहों की प्रगति तथा जल संरक्षण के कार्यों के संबंध में प्रस्ताव रखे जाएंगे। ग्राम सभा में पशुपालन विभाग की क्षीरधारा ग्राम योजना, वृंदावन ग्राम योजना तथा कृषि विभाग की धरती माता बचाओ अभियान के संबंध में चर्चा की जाएगी। विशेष ग्राम सभा में गर्भवती महिलाओं के पंजीयन तथा जाँच, महिलाओं में एनीमिया रोकने के प्रयासों, शिशुओं की स्वास्थ्य रक्षा, ग्राम स्वास्थ्य पोषण एवं स्वच्छता दिवस पर चर्चा की जाएगी। जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सभी ग्राम पंचायतों में चरणबद्ध ढंग से ग्राम सभाओं का आयोजन कराकर नोडल अधिकारी के माध्यम से प्रतिवेदन प्रस्तुत करे

## मुख्यमंत्री सामूहिक कन्या विवाह सम्मेलन रीवा में आज

रीवा ।

शासन द्वारा गरीब परिवारों की बेटियों के विवाह के लिए मुख्यमंत्री कन्या विवाह और निकाह योजना संचालित की गई है। योजना के तहत सामूहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन कर पात्र हितग्राहियों की विवाह योग्य कन्याओं का विवाह सम्पन्न कराया जाता है और उन्हें आर्थिक सहायता भी प्रदान की जाती है। योजना के तहत जिले में मुख्यमंत्री कन्या विवाह और निकाह सम्मेलन 23 जनवरी को आयोजित किया जा रहा है। समारोह शासकीय उमावि मार्तण्ड क्रमांक तीन के मैदान में दोपहर 12.30 बजे से आयोजित होगा।

# महाविद्यालय में भारतीय मानक ब्यूरो द्वारा जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**मऊगंज** । शासकीय शहीद केदारनाथ महाविद्यालय में बी आई एस क्लब द्वारा भारतीय मानक ब्यूरो शाखा भोपाल से प्राप्त निर्देशों के अनुसार महाविद्यालय में क्विज का आयोजन सफलतापूर्वक किया गया जिसमें कार्यक्रम की शुरुआत प्राचार्य डॉक्टर एस डी पांडेय द्वारा अपने उद्बोधन में छात्रों को मानक के संबंध में बहुत सारी जानकारी दी बाजार में उपभोक्ताओं को कौन से मानक के अनुरूप सामान खरीदने के लिए ध्यान रखना पड़ता है जैसे किसी वस्तु को खरीदने के पहले उसका मानक अनिवार्य रूप से देखना चाहिए जिससे उसकी सही सामग्री प्राप्त हो और मार्का के बारे में बताया गया और सही हॉलमार्क और बाजार से कोई भी वस्तु लेते समय उसमें देखना चाहिए कि भारतीय मानक ब्यूरो से मान्यता प्राप्त है बी आई एस क्लब के संयोजक डॉक्टर प्रकाश चंद्र पटेल द्वारा मानको के बारे में विस्तार से चर्चा की गई जिसमें आई. एस. आई., मानक क्या होते हैं एग मार्क, कहां होता है हॉलमार्क की जरूरत कहां पड़ती है इतिहास विषयों पर विस्तार से चर्चा की इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉक्टर बी .आर. मौर्य प्रोफेसर प्रमोद कुमार प्रजापति डॉ विवेक कुमार सिंह डॉक्टर के . के. विश्वकर्मा डॉक्टर सतीश कुमार मिश्रा डॉक्टर संगीता मिश्रा डॉक्टर संजय कुमार मिश्रा एवं डॉ राजेंद्र प्रसाद सेन तथा आभार प्रदर्शन एवं मंच संचालन श्री अवनीश सिंह द्वारा किया गया इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा वंदना साकेत बीएससी फाइनल ईयर द्वितीय स्थान संयुक्त रूप से शिवप्रिया द्विवेदी एवं शिवानी मिश्रा तृतीय स्थान संयुक्त रूप से प्रमिला कुमारी साकेत व अंजली पांडेय तथा चतुर्थ स्थान सेजल जायसवाल को प्राप्त हुआ

# मऊगंज में गणतंत्र दिवस पर कलेक्टर करेंगे ध्वजारोहण



**मऊगंज**। जिले में गणतंत्र दिवस का मुख्य समारोह परेड ग्राउण्ड कलेक्ट्रेट परिसर में आयोजित किया जा रहा है। समारोह के मुख्य अतिथि कलेक्टर संजय कुमार जैन प्रातः 9 बजे ध्वजारोहण करके परेड की सलामी लेंगे। समारोह में जिला पुलिस बल, होमगार्ड, एनसीसी तथा अन्य दलों द्वारा आकर्षक परेड प्रस्तुत की जाएगी। समारोह के मुख्य अतिथि प्रदेश के मुख्यमंत्री के गणतंत्र दिवस संदेश का वाचन करेंगे। समारोह में विद्यार्थियों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे। समारोह में श्रेष्ठ कार्य करने वाले अधिकारियों कर्मचारियों को सम्मानित किया जाएगा। जिले के सभी नगरीय निकायों, जनपद पंचायतों, ग्राम पंचायतों तथा सभी शिक्षण संस्थानों में भी गणतंत्र दिवस समारोह पूर्वक मनाया जाएगा। गणतंत्र दिवस में प्रातः सभी शासकीय और अशासकीय कार्यालयों तथा शिक्षण संस्थाओं में ध्वजारोहण किया जाएगा। गणतंत्र दिवस की संध्या पर भारत पर्व का आयोजन किया जाएगा। भारत पर्व में जनसंपर्क विभाग द्वारा प्रदेश सरकार की उपलब्धियों तथा विकास कार्यों के संबंध में प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी।